कार्यालय प्राचार्य
बी.सी.एस. शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, धमतरी (छ.ग.)
Website – www.bcspgcdmt.com
E-mail – pgcollege.dhamtari@gmail.com

NAAC GRADE-'B' | AISHE CODE- C-21763

दूरभाष – 07722–238933
फैक्स – 07722–237933

दिनांक 08/11/2021

# :: पूरक परीक्षा संबंधी सूचना ::

पं.रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय रायपुर(छ.ग.)की पूरक परीक्षा 2021 की समय–सारणी जारी की जा चुकी है। पूरक परीक्षाएं 16.11.2021 से प्रारंभ होकर दिनांक 19.11.2021 तक चलेगी। बी.ए.प्रथम, व्दितीय, तृतीय वर्ष एवं बी.एस.सी. प्रथम ,व्दितीय एवं तृतीय वर्ष की पूरक परीक्षाएं दिनांक 16.11.2021 से 19.11.2021 तक तथा बी.कॉम.भाग एक, दो तीन की परीक्षाएं 16.11.2021 से 17.11.2021 तक एवं बी.एस.सी. (होम सांईस) भाग एक, दो एवं तीन की 16.11.2021 से 18.11.2021 तक चलेगी। उक्त समस्त पूरक परीक्षाएं ऑनलाईन/ब्लैण्डेड मोड़ में विश्वविद्यालय की समय–सारणी के अनुसार आयोजित की जायेगी। परीक्षा केन्द्र कमांक 401 बी.सी.एस.शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, धमतरी के परीक्षा केन्द्र में सम्मिलित होने वाले परीक्षार्थियों को आवश्यक उत्तर पुस्तिका का वितरण महाविद्यालय व्दारा किया जायेगा, जिसकी सूचना पृथक से दी जायेगी, जो परीक्षार्थी परीक्षा केन्द्र नही पहुँच सकते वे विश्वविद्यालय/महाविद्यालय के वेबसाईट से उत्तर पुस्तिका का मुख्य पृष्ठ डाउनलोड कर 32 पृष्ठ की उत्तर पुस्तिका का निर्माण स्वंय कर सकते है। परीक्षार्थियों को प्रश्नपत्र उनके परीक्षा के दिन दोपहर 12:00 बजे तक ऑनलाईन माध्यम से प्रेषित किया जायेगा। प्रश्नपत्र विश्वविद्यालय एवं महाविद्यालय के वेबसाईट पर भी उपलब्ध रहेगा। परीक्षार्थी प्राप्त प्रश्नों का उत्तर उसी दिन लिखकर अपने परीक्षा केन्द्र में जमा करेंगे अथवा दूसरे दिन दोपहर 12:00 बजे के पूर्व अपने परीक्षा केन्द्र में भौतिक रूप से उपस्थिति के साथ या डाक के माध्यम से जमा करेंगे। परीक्षा के दूसरे दिन अवकाश की स्थिति में भी परीक्षा केन्द्र में उत्तर पुस्तिका जमा होगी। केन्द्र कमांक–401 बी.सी.एस.शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय धमतरी के परीक्षा केन्द्र में शासकीय नारायण राव मेघावाले कन्या महाविद्यालय, धमतरी, महर्षि वेदव्यास शासकीय महाविद्यालय भखारा, शासकीय नवीन महाविद्यालय, आमदी, जेनेसिस कॉलेज ऑफ हायर एजुकेशन धमतरी, वंदे मातरम महाविद्यालय, धमतरी, काम्पटेक महाविद्यालय, धमतरी ,छत्तीसगढ़ महतारी महाविद्यालय, भखारा के पूरक परीक्षा के परीक्षार्थी सम्मिलित होंगे। परीक्षार्थी विस्तृत जानकारी के लिए विश्वविद्यालय एवं महाविद्यालय की वेबसाईट एवं सूचना पटल का अवलोकन करते रहें तथा केन्द्र सरकार व राज्य सरकार एवं जिला प्रशासन व्दारा कोविड 19 संकमण को रोकने हेतु जारी गाईडलाईन का पालन करें।

(डॉ.श्रीदेवी चौबे)
प्राचार्य
बी.सी.एस.शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय,धमतरी
जिला–धमतरी (छ.ग)